आर्य कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान आयोजित

शाहाबाद/स्वामी : आर्य कन्या महाविद्यालय में एलुमनाई एसोसिएशन और यूजी सैल द्वारा इंटलेक्चूल प्रोपर्टी राईट एंड सिगनिफिकेंस विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की रीमा साहनी मेहंदीरता ने मुख्य वक्ता के तौर पर

छात्राओं को संबोधित किया। मुख्यवक्ता ने छात्राओं को बड़े ही सरल ढंग से आईपी, पैटेंट, ट्रेड मार्क, कॉपीराईट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई गई रिसर्च फंडिंग स्कीम के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में सौ से अधिक छात्राएं शामिल हुई। कॉलेज की प्राचार्या सुनीता पाहवा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य वक्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्या सुनीता पाहवा, डा. मुमताज, डा. सोनिया मलिक, डा. हेमा सुखीजा, डा. सिमरजीत कौर, डा. राजिन्द्र कौर, योगिता, अनमोल, अंकित हंस मौजूद रहे।

4 Dec, 2021
उत्तम हिन्दू

छात्राओं को शोध कार्यों के लिए करनी होगी पहल : मेहंदीरता

रीमा साहनी मेहंदीरता को स्मृति चिह्न भेंट करते प्राचार्या सुनीता पाहवा। • जागरण

शाहाबाद : आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को व्याख्यान किया गया। मुख्य वक्ता रीमा साहनी मेहंदीरता रही। उन्होंने कहा कि छात्राओं को शोध कार्यों में रूचि लेते हुए इन्हें आगे बढ़ाने की पहल करनी है। शिक्षकों को भी नई पीढ़ी का इसी तरह से मार्गदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें मानव जीवन को आसान बनाने के लिए नए नए आविष्कार करने होंगे। उन्होंने छात्राओं को बड़े ही सरल ढंग से पेटेंट, ट्रेड मार्क और कापीराइट के बारे में बताया। इसके अलावा छात्राओं को सरकार की ओर से चलाई गई अनुसंधान निधि योजना के बारे में भी बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या सुनीता पाहवा ने मुख्यवक्ता को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. मुमताज, डा. सोनिया मलिक, डा. हेमा सुखीजा, डा. सिमरजीत कौर व डा. राजिंद्र कौर मौजूद रहे। (संस)

दैनिक जागरण
4 Dec, 2021